तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
छत्तीसगढ़ी भाषा को जनगणना में शामिल करने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन



## खबर संक्षेप

### मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित मण्डी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 26 अप्रेल को जिले के कुल 32 परीक्षा केन्द्रों में किया जाएगा। परीक्षा का समय पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे तक निर्धारित है। जिले में कुल 9790 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण हेतु 3 उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय ई.व्ही.पी.जी. महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा को मार्गदर्शन केन्द्र बनाया गया है। उक्त परीक्षा से संबंधित ब्रिफिंग हेतु 24 अप्रेल को शासकीय ईविपीजी कालेज कोरबा में अपरांह 11 बजे बैठक रखी गई है। सर्व संबंधितों को ब्रिफिंग में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।

### निःशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण, प्रवेश प्रारंभ

**कोरबा।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज तथा जिले के अन्य शासकीय प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न रोजगारोन्मुखी ट्रेडों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क और आवासीय होगा। जिसमें चयनित हितग्राहियों को संबंधित ट्रेडों में हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाणन के आधार पर जिला स्तर, राज्य स्तर तथा राज्य के बाहर उपलब्ध रोजगार अवसरों से प्रतिभागियों को जोड़े जाने की योजना है। इच्छुक छात्र-छात्राएं कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार या स्वरोजगार करना चाहते हैं, वे निर्धारित गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से अथवा लाईवलीहुड कॉलेज कोरबा में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की अवधि एक महीने से 5 महीने तक है तथा पात्रता शैक्षणिक योग्यता 5वीं से 12वीं तक निर्धारित है, जो संबंधित कोर्स के अनुसार भिन्न-भिन्न है।

### ग्राम बेलाकछार में पंच ने बनवाया ब्रेकर



**कोरबा।** ग्राम बेलाकछार बालकोनगर में वार्ड क्रमांक 12 पंच अनिल दास मानिकपुरी ने वाहनों की तेज रफ्तार से आवाजाही से हो रही परेशानियों को देखते हुए तथा वार्डवासियों की मांग को लेकर वार्ड में एक ब्रेकर का निर्माण कराया है जिससे वार्डवासियों ने अनिल दास का आभार जताया है।

### विश्वविद्यालय बन गया शिक्षा का व्यापार करने वाला : आरोप

**हरदीबाजार।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर ने अटल बिहारी भाजपाई विश्वविद्यालय के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा है कि अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय शिक्षा का मन्दिर नहीं अब शिक्षा का व्यापार करने वाला बन गया है। उनका मकसद छात्रों को मानसिक व आर्थिक रुप से परेशान करने और बार बार बच्चों का गलत पेपर चेक कर फैल (बैक) लगा रहे हैं ताकि बच्चे पुनः रिचेकिंग के लिए फार्म डाले या पुनः चेकिंग के लिए जिसका फीस 2 हजार रुपए है। छात्रों को लगातार पैसा लेना चाहता है पूर्व में हरदीबाजार महाविद्यालय के रसायन शास्त्र में 142 बच्चों में से 137 बच्चों को बैक लगाया गया था और अभी के पेपर में भी हर विषय में मेरिट लिस्ट में नाम आने वाले बच्चों को 5 से 10 नंबर दिया गया है। इससे साफ जाहिर होता है कि बिलासपुर यूनियर्सिटी ठेकेदार या राहगीर से अपना पैसा बचाने के लिए छात्रों के भविष्य को अंधकार में धकेल रहे हैं।

# बांगो बांध में बीते वर्ष की अपेक्षा 2 मीटर कम है पानी, फिर भी 31 घंटे चल रहा है हाइडल प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

भीषण गर्मी, निस्तार और किसानों को भरपूर पानी देने के बाद भी मौजूदा स्थिति में बांगो बांध में लगभग 60 फ़ीसदी पानी भरा हुआ है। इस साल बांध में पर्याप्त पानी है। जिसके चलते बांध में बने हाइडल प्लांट को 31 घंटे संचालित किया जा रहा है। जिससे 3875 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार लगातार बढ़ाकर चलाई गई थी और किसानों को मई महीने में भरपूर पानी दिया गया था। जिसके चलते जून के आते आते बांगों बांध का वाटर लेवल लगभग 26 फीसदी तक पहुंच गया था। जिससे जल संसाधन विभाग की चिंता बढ़ गई थी लेकिन बारिश शुरू होते ही लगातार ⏭ शेष पेज 3 पर

## बीते वर्ष जून आते 26 फीसदी तक पहुंच गया था बांध का वाटर लेवल

**खास बात**

- मौजूदा स्थिति में बांगो बांध में 352.35 मीटर पानी भरा हुआ है, जो कुल जल भराव का 60 फीसदी पानी है



## राखड़ की सफाई के लिए दर्री बराज का खोला जा रहा गेट

ज्ञात रहे कि विगत दिनों सीएसईबी का राखड़ बांध फूट जाने की वजह से रखड़ सीधे हसदेव नदी से होते हुए हसदेव दर्री बराज आ गया था। जिसकी वजह से बांध का पानी पूरी तरह से मटमैला हो गया था और पानी की सफाई करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए बांगो बांध में हाइडल की रफ्तार फिलहाल बढ़ा दी गई है। बताया जाता है कि 31 घंटे हाइडल प्लांट को संचालित किया जा रहा है। यह पानी सीधा हसदेव दर्री बराज में पहुंच रहा है और प्रतिदिन हसदेव दर्री बराज का गेट खोलकर पानी को साफ किया जा रहा है। गुरुवार की सुबह हसदेव दर्री बराज के गेट नंबर 3 को सुबह 6:00 बजे 2 फीट खोला गया था। जिससे लगभग 2739 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया गया था। जल संसाधन विभाग के मुताबिक काफी हद तक हसदेव दर्री बराज का पानी अब साफ हो चुका है। इसके बाद दोपहर लगभग 12:30 बजे गेट को बंद कर दिया गया है। संभावना जताई जा रही है कि एक-दो दिन में गेट को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा।

## पीएम सूर्य घर योजना का मामला, धीमी रफ्तार से नाराज अफसरों ने वेंडरों को लगाई फटकार

# 8 हजार से अधिक पंजीयन, लगाए मात्र 14 सौ घरों में सोलर पैनल



बैठक लेते अधिकारी। उपस्थित विभिन्न विभाग के लोग व वेंडर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीएम सूर्य घर योजना के तहत घरों की छतों पर सोलर लगाने के लिए विद्युत वितरण विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इसके लिए उपभोक्ता अपना पंजीयन भी कर रहे हैं। अब तक जिले में 8883 उपभोक्ताओं ने पंजीयन भी कर रखा है, लेकिन लगाने की रफ्तार इतनी सुस्त है की मात्रा अब तक 1379 उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर ही सोलर लग पाया है। बिछड़ते काम की वजह से विद्युत विभाग का टेंशन लगातार बढ़ता ही जा रहा है। काम की रफ्तार तेज हो सके इसके लिए विद्युत वितरण विभाग के अफसरों ने वेंडरों की बैठक लेकर उन्हें फटकार लगाई है और काम की रफ्तार बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है।

**खास बात**

- बैंक प्रबंधन द्वारा अलग-अलग दस्तावेज मांगे जाने की वजह से हो रहा है विलंब

उल्लेखनीय है कि जिले में पीएम सूर्य घर योजना के तहत अधिक से अधिक उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सोलर लगाया जाना है। इसके लिए जिला प्रशासन से लेकर नगर निगम और विद्युत विभाग की टीम अलग-अलग प्रचार प्रसार में लगी हुई है। बताया जाता है कि जिले में अब तक पीएम सूर्य योजना के तहत 8883 उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया है, लेकिन पिछले कुछ महीनो में मात्र 1379 उपभोक्ताओं के घरों में ही सोलर लग पाया है। सोलर लगाने की रफ्तार इतनी सुस्त है कि लगातार काम पिछड़ता ही जा रहा है इसे लेकर विद्युत वितरण विभाग के शहर के डीई राजेश चौहान ने जिले के अधिकारियों व सोलर लगाने वाले वेंडरों की बैठक लेकर वेंडरों को फटकार भी लगाई है। सोलर कैसे जल्दी से जल्दी लगाया जा सके इसके लिए वेंडरों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया है। वेंडर को जब सोलर लगाए जाने में क्या-क्या समस्या आ रही है इन सवालों पर वेंडरों ने जवाब दिया कि बैंक प्रबंधन द्वारा उपभोक्ताओं से अलग-अलग दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। जिसके चलते उपभोक्ताओं का फाइनेंस नहीं हो पा रहा है और सोलर लगने का काम नहीं हो पा रहा है। विभाग के अफसर ने वेंडर की समस्या को गंभीरता से लिया है और विभाग के अफसरों ने जल्द ही बैंक प्रबंधनों से मुलाकात कर कैसे मामलों को शाट आउट किया जाए और इस विषय पर भी चर्चा करने की बात कही गई है। देखना होगा कि आखिर विभाग की बैठक कब तक रंग लाती है और सोलर लगाने की रफ्तार कब तक तेज हो पाती है।

## गांव-गांव में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

विद्युत विभाग के डी आई राजेश चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएम सूर्य घर योजना से अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाएं और इस योजना का लोग फायदा उठा सके इसके लिए शहर व ग्रामीण क्षेत्र में अलग-अलग स्थान में कैंप लगाकर योजना का प्रचार प्रसार करेंगे। इसके अलावा कैंप के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा कि सोलर लगाने से क्या-क्या फायदे हैं। इसके अलावा बैनर पोस्टर प्लांट प्लेट के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता पीएम सूर्य घर योजना का लाभ उठा सकें।

# सरकारी जमीन की अफरा तफरी के मामले में फरार चल रहा पटवारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकारी जमीन की अफरा तफरी के एक मामले में पटवारी सहित अन्य लोगों ने घालमेल किया था। लगभग 14 हेक्टेयर जमीन दूसरे के नाम कर दी गई थी। इस मामले में फरार चल रहे पटवारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि फरार एक अन्य आरोपी की खोजबीन की जा रही है।

**खास बात**

- मामले अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है पुलिस
- कोरबी चौकी का मामला, 14 हेक्टेयर जमीन को कर दिया था दूसरे के नाम

कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पोड़ी उपरोड़ा के नायब तहसीलदार सुमन दास ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम लालपुर में स्थित भूमि 9.0340 हेक्टेयर भूमि को आरोपी शिवचरण कौशल के द्वारा शासकीय भूमि को फर्जी दस्तावेज के आधार पर कूट रचना कर अपने नाम से परिवर्तित कर कर शासकीय भूमि को बैंक से लोन लेकर कब्जा कर लिया था। इसी प्रकार ग्राम घूचापुर में स्थित शासकीय भूमि 4.595 हेक्टेयर को आरोपी अजय कुमार यादव के द्वारा अपने नाम पर परिवर्तित कराकर बैंक से लोन लेकर अपने कब्जे में कर लिया गया था। रिपोर्ट पर कोरबी चौकी पुलिस ने धारा 318 (4), 336, 338, 340 (2) बीएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया था। जिसमें पाया गया कि हल्का पटवारी आरोपी जितेंद्र भावे के द्वारा अपने डिजिटल हस्ताक्षर से भुईया पोर्टल में जाकर शासकीय भूमि को आरोपी के नाम में परिवर्तित कर कूट रचनाकार लाभ पहुंचाना पाया गया। जिसके आधार आरोपियों खोजबीन में पुलिस जुटी हुई थी। गुरुवार को आरोपी पटवारी जितेंद्र भावे को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक निर्माण पर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक इस मामले में शिवचरण कौशल को पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। जबकि मामले में कुछ अन्य आरोपी फरार चल रहे हैं। जिसकी पुलिस खोजबीन में जुटी हुई है।



आरोपी पटवारी।

# जर्जर भवन को तोड़कर शीघ्र कराएं निर्माण : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मखनपुर में संचालित स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान जर्जर भवनों की स्थिति गंभीर पाई। उन्होंने तत्काल इन भवनों को तोड़ने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जर्जर भवन कभी भी खतरा बन सकते हैं, विशेषकर तब जब स्कूली बच्चे आसपास विचरण करते रहते हैं। ऐसे अनुपयोगी व जोखिमपूर्ण भवनों को हटाना आवश्यक है।

**खास बात**

- कलेक्टर ने ग्राम पंचायत माखनपुर में सेजस का किया निरीक्षण



स्कूल के निरीक्षण के दौरान दिशा निर्देश देते कलेक्टर दुदावत।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में विगत एक वर्ष से निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष को भी अपूर्ण पाया। यह भवन प्रयोगशाला (लैब) के रूप में निर्मित किया जा रहा था लेकिन लंबे समय से कार्य अधूरा पड़ा हुआ था। इस पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने सरपंच और सचिव को नोटिस जारी कर संबंधित निर्माण एजेंसी से राशि वसूलने तथा प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी दौरान ग्राम मखनपुर की सरपंच श्रीमती प्रेमलता पोर्ते ने कलेक्टर से मुलाकात कर ग्राम विकास से संबंधित कई मांगें रखीं। उन्होंने आंगनवाड़ी भवन की जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए नए भवन स्वीकृत कराने, सड़क सुरक्षा के लिए ब्रेकर निर्माण तथा ग्राम पंचायत के मंझपरा में लो-वोल्टेज की समस्या दूर करने हेतु नया ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग भी की। कलेक्टर ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान पाली एसडीएम रोहित सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकारी जमीन पर राखड़ डंपिंग का आरोप कलेक्टर से जांच और कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छुरीकला क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से राखड़ डंप किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद करुणा शंकर देवांगन ने कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपकर जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में बताया गया है कि ग्राम पंचायत छुरीखुर्द अंतर्गत दो स्थानों-गांगपुर से झोरा जाने वाले मुख्य मार्ग के पास विजय घाटी के ऊपर दाईं ओर तथा छुरी से छुरीखुर्द मार्ग पर तालाब के समीप कुछ व्यक्तियों द्वारा निजी भूमि बताकर तेजी से राखड़ पाटने का कार्य किया जा रहा है। पार्षद ने आरोप लगाया है कि यह पूरा क्षेत्र पहले से ही एनटीपीसी के राखड़ डेम से प्रभावित है। डेम से उड़ने वाली राख के कारण आसपास के लोग पहले ही परेशान हैं, वहीं अब अतिरिक्त रूप से राखड़ डंपिंग से स्थिति और गंभीर हो गई है। शिकायत के अनुसार इस गतिविधि से पर्यावरण प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। क्षेत्र का पानी भी प्रभावित हो रहा है, जिससे ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इनमें त्वचा रोग, सांस और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियां प्रमुख हैं। यह भी उल्लेख किया गया है कि बारिश के दौरान राखड़ बहकर खेतों तक पहुंच जाती है, जिससे कृषि भूमि भी प्रदूषित हो रही है और फसलों पर असर पड़ रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि संबंधित व्यक्ति दावा कर रहे हैं कि उनके पास इस कार्य के लिए सभी विभागों से अनुमति प्राप्त है, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। पार्षद ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए इस कार्य को बंद कराया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को प्रदूषण से राहत मिल सके।

## कोल मंत्रालय की बैठक में फंड की स्थिरता पर हुई चर्चा, फंड में आने वाली राशि और खर्च के बीच बढ़ा अंतर

# सीएमपीएफओ पेंशन फंड पर गहराया संकट, हर साल 7 हजार 240 करोड़ का घाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला क्षेत्र के कर्मचारियों की पेंशन व्यवस्था को लेकर चिंता गहराती जा रही है। कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) के पेंशन फंड में हर साल करीब 7240 करोड़ रुपये का घाटा सामने आया है। कोयला मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव रूपिंदर बरार की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई थी, जिसमें फंड की स्थिरता पर विस्तार से चर्चा की गयी।

इसमें सीएमपीएफओ के आयुक्त, कोल इंडिया, एससीसीएल व इपीएफओ और बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के सदस्य शामिल हुए थे। बैठक में संकेत मिला कि मौजूदा कोयला पेंशन योजना लंबे समय तक टिकाऊ नहीं है। ऐसे में सरकार व संबंधित संस्थाओं को जल्द ठोस कदम उठाने होंगे ताकि कर्मचारियों व पेंशनधारकों के हित सुरक्षित रह सकें। बैठक में बताया गया कि कोयला क्षेत्र में कर्मचारियों की संख्या लगातार घट रही है, जबकि पेंशन लेनेवालों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में फंड में आने वाली राशि और खर्च के बीच बड़ा अंतर पैदा हो गया है। पेंशन योजना में वेतन सीमा नहीं होने के कारण अधिकारियों को अधिक पेंशन मिल रही है, जिससे फंड पर अतिरिक्त बोझ बढ़ा है। विशेषज्ञों ने इपीएफओ की तरह वेतन सीमा लागू करने का सुझाव दिया। सीएमपीएफओ ने पब्लिक अकाउंट में जमा 15,424 करोड़ रुपये का उपयोग पेंशन घाटा भरने और मासिक भुगतान के लिए करने का प्रस्ताव रखा। बैठक के अध्यक्ष ने इस पर सैद्धांतिक सहमति जतायी।



फाइल फोटो

## नई पेंशन व्यवस्था पर विचार

कोल कंपनियों ने सुझाव दिया कि नये कर्मचारियों को मौजूदा योजना की बजाय नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) या अन्य योगदान आधारित प्रणाली में शामिल किया जाये। हालांकि सीएमपीएफओ ने कहा कि इससे मौजूदा फंड पर दबाव और बढ़ सकता है। बैठक में सीएमपीएफओ की अनुपयोगी संपत्तियों के मोनेटाइजेशन और प्रशासनिक फंड के 0.5 से 0.7 प्रतिशत हिस्से को पेंशन फंड में स्थानांतरित करने पर भी विचार किया गया।

## सरकार से योगदान बढ़ाने की मांग

वर्तमान में सरकार का योगदान मात्र 726.72 रुपये प्रति कर्मचारी प्रति माह है। इसे इपीएफओ के बराबर बढ़ाने की मांग उठी। बैठक में सीएमपीएफओ को कई अहम निर्देश दिये गये, जिनमें सरकारी योगदान बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार करना, पब्लिक अकाउंट फंड के उपयोग की अनुमति लेना, पेंशन गणना प्रणाली में बदलाव का अध्ययन और संपत्तियों का पूरा ब्यौरा देना शामिल है।

### डीईओ से शिक्षकों के सर्विस बुक के संधारण व सत्यापन की मांग



**कोरबा।** शालेय शिक्षा संघ के संभाग बिलासपुर अध्यक्ष भवदीप दुबे ने शिक्षा में गुणवत्ता एवं सुधार हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखते हुए उल्लेख किया है कि कोरबा जिला में कार्यरत समस्त शिक्षकों की सर्विस बुक का संधारण एवं सत्यापन करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर आग्रह किया तथा सभी विकासखंड में विशेष शिविर लगाने हेतु निर्देशित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी से आग्रह किया है।

**खबर संक्षेप**

### रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी घायल

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी घायल हो गए। वहीं उनकी स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजिकशोर नगर निवासी रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी अशोक कुमार ठाकुर पिता स्व. भोला ठाकुर 22 अप्रैल की रात 8.45 बजे रमेश सिंह को स्कूटी में बैठाकर तेलीपारा से घर जा रहे थे। चांटीडीह चौक में टाटा नैनो क्रमांक सीजी 07 एमबी, 4296 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे श्री ठाकुर को चोट आई और स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने श्री ठाकुर की रिपोर्ट पर नैनो चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### डिवाइडर पर चढ़कर बेलगाम ट्रेलर पलटा



**बिलासपुर।** बेलगाम कोयले से भरा ट्रेलर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। हादसे में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, 23 अप्रैल को कोरबा से ट्रेलर में चालक रतनपुर गढ़वट ओमप्रकाश कश्यप पिता देवकुमार कश्यप कोरबा की ओर से कोयला भरकर बिलासपुर की ओर जा रहा था। दोपहर 3 बजे भरारी के पास ड्राइवर ने गाड़ी डिवाइडर के ऊपर चढ़ा दी, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल ड्राइवर को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है। वहीं एक्सवेटर से कोयला व गाड़ी को सड़क के किनारे किया गया। उसके बाद आवागमन सामान्य हो पाया है।

### अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्राप्त 5 आवेदकों के आवेदन के छानबीन के क्रम में 7 दिवस के भीतर दावा आपत्ति मंगाई है। यदि आवेदक के परिवार के कोई भी सदस्य शासकीय सेवा में कार्यरत हो अथवा किसी प्रकार के अपराधिक या न्यायालीन मामले उनके विरूद्ध लंबित हो तो इसकी जानकारी उक्त समयावधि में बंद लिफाफे में या स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर दे सकते हैं। डीईओ ने बताया कि मस्तूरी ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला उड़ागी में सहायक शिक्षक एलबी के पद पर कार्यरत स्व. दुर्गेश कुमार शुक्ला के के पुत्र शिवम शुक्ला, कोटा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सीस में व्याख्याता के पद पर कार्यरत स्व. देवेन्द्र कुमार दीक्षित की पत्नी चन्द्रकिरण दीक्षित, बिल्हा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भाड़ी में व्यायाम शिक्षक के पद पर कार्यरत स्व. राकेश कुमार बाटवे की पत्नी रेनु बाटवे ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। इसी प्रकार मस्तूरी ब्लॉक के जनपद पंचायत मस्तूरी में सं.आत.ले.परी. एवं करा. अधिकारी के पद पर कार्यरत स्व. भागवत प्रसाद सुमन के पुत्र कृष्ण कुमार सुमन एवं तखतपुर ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला लिम्ही में सहायक शिक्षक एलबी के पद पर कार्यरत स्व. मनोज कुमार श्रीवास के पुत्र ओमकार श्रीवास ने आवेदन प्रस्तुत किया है।

**जमीन पशुपालन विभाग की ही** — हटाकर अन्यत्र शिफ्ट करने का सुझाव, अब कैंसर अस्पताल बनाने का प्रस्ताव 1200 करोड़ रुपए पहुंचा

# कोनी में प्रस्तावित सिम्स, मल्टी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कैंसर हास्पिटल और बाजू में 'बर्ड फ्लू', सीजीएमएससी ने जताई चिंता

**बिलासपुर।** कोनी में बहुमंजिला एवं सर्वसुविधायुक्त मल्टी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण किया जा चुका है। कैंसर अस्पताल अब पूर्णता की ओर है और सात सौ करोड़ की लागत से बनने वाला सिम्स अब कई नई सुविधाओं के साथ 12 सौ करोड़ में बनाया जाना प्रस्तावित है। यह तीनों ही अस्पताल एक ही परिसर में स्थापित होंगे। इसके ठीक बाजू में पशुपालन विभाग का कुक्कुट पालन केंद्र स्थापित है, जहां हाल ही में फैले बर्ड फ्लू ने पूरे जिले की चिंता बढ़ा दी थी। सीजीएमएससी ने भी इस पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए इसकी अन्यत्र शिफ्टिंग का सुझाव दिया है।

अब तक एजुकेशन हब के नाम से पहचाना जाने वाला कोनी क्षेत्र आने वाले समय में जल्द ही मेडिकल हब के नाम से भी जाना जाएगा। सारी सुवधाओं से लैस मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल तैयार होने के बाद इसी के बाजू में ही कैंसर हास्पिटल का निर्माण भी अपनी पूर्णता की ओर है। इसके अलावा इसी के आसपास ही 42 एकड़ भूमि में सिम्स का नया भवन प्रस्तावित है। यहां मेडिकल कॉलेज के अलावा फिजियोथेरेपी कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, स्टॉफ क्वार्टर्स एवं गर्ल्स व ब्वॉयज हॉस्टल का निर्माण किया जाना है। तीनों ही अस्पताल एक ही परिसर में स्थापित रहेंगे।

भविष्य के लिए चिंतनीय विषय यह है कि इन तीनों ही महत्वपूर्ण अस्पतालों से लगा हुआ एक ओर जहां वेटनरी कॉलेज का मुर्गी फार्म है, वहीं दूसरी ओर शासकीय



कक्कुट पालन प्रक्षेत्र जहां हजारों की संख्या में मुर्गियां व चूजे रखे जाते हैं। हाल ही में शासकीय पोल्ट्री में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया था। यहां तक कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार बर्ड फ्लू से मानवों में किसी भी तरह के प्रभाव की जांच के लिए एम्स रायपुर से विशेषज्ञों की तीन सदस्यीय टीम को यहां आना पड़ा व तीन दिन रहकर व्यापक जांच करनी पड़ी थी। आज की स्थिति में तो तीनों अस्पताल पूरी तरह तैयार नहीं है, वहीं मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में भी मरीजों की बहुतायत संख्या नहीं है, लेकिन भविष्य में तीनों अस्पतालों में हजारों की संख्या में मरीजों का इलाज किया जाएगा। ऐसे में भविष्य में यहां स्थित शासकीय पोल्ट्री में बर्ड फ्लू फैलने के कारण अस्पतालों में भर्ती मरीजों व अन्य लोगों को प्रभावित होना पड़ सकता है। बीते दिनों सीजीएमएससी के एमडी के द्वारा क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर, कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों के समक्ष इस विषय पर न केवल चर्चा, बल्कि चिंता भी जाहिर की गई है।

### जमीन हमारी और हम ही जाएं

इस संबंध में पशुपालन विभाग के संयुक्त संचालक जीएस तंवर ने कहा कि कोनी के कुक्कुट पालन व वेटनरी कॉलेज की जमीन पशुपालन विभाग की ही है। ऐसे में अपनी जमीन से ही पशुपालन विभाग के संस्थान की कहीं और शिफ्टिंग करना कितना न्यायसंगत है? उन्होंने कहा कि वैसे भी प्रस्तावित सिम्स के लिए 40 एकड़ जमीन पहले से ही दी जा चुकी है। ऐसे में हमारे पशुपालन विभाग के संस्थानों की अन्यत्र शिफ्टिंग सही नहीं है।

### प्रपोजल नहीं मिला है

इस संबंध में चर्चा जरूर हुई थी, लेकिन किसी तरह का प्रपोजल प्राप्त नहीं हुआ है। प्रपोजल प्राप्त होने की स्थिति में संबंधित विभाग से अभिमत लिया जाएगा।

**-संजय अग्रवाल**, कलेक्टर

### की गई थी चर्चा

बीते दिनों सीजीएमएससी के एमडी सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान प्रस्तावित सिम्स बिल्डिंग के लिए और अधिक जमीन की उपलब्धता एवं तीन-तीन बड़े अस्पतालों के ठीक बाजू में स्थित कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र से भविष्य में बर्ड फ्लू से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखकर इसकी अन्यत्र शिफ्टिंग के संबंध में भी चर्चा हुई थी। यह चर्चा केवल मौखिक थी, जिसके लिए फिलहाल किसी भी तरह का प्रपोपज प्राप्त नहीं हुआ है।

**-राजेंद्र प्रसाद**, ईई सीजीएमएससी

**मटियारी बेलतरा मोड़ के पास हुआ हादसा, घायल अस्पताल में भर्ती**

# रांग साइड चल रहे ट्रेलर ने बाइक सवार दो लोगों को रौंदा, एक की मौत, 4 घण्टे चक्काजाम


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मटियारी बेलतरा मोड़ पर रांग साइड चल रहे ट्रेलर के चालक ने बाइक सवार दो लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा राशि की मांग को लेकर 4 घण्टा चक्काजाम किया, जिससे उस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भीषण गर्मी में पसीना बहाना पड़ा है।

सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि नरगोड़ा निवासी अशोक कुमार बनर्जी पिता स्व. दिलहरण बनर्जी 40 साल, नरेंद्र कुमार बर्मन पिता छोटे लाल बर्मन 25 साल के साथ बाइक क्रमांक सीजी 10 एएल, 0594 से बिलासपुर आ रहे थे। सुबह 9 बजे मटियारी बेलतरा मोड़ के पास बिलासपुर से सीपत की ओर जा रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएच, 6397 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ओवरटेक करने के फेर में नियंत्रण खो दिया और रांग साइड गाड़ी घुसाकर बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में अशोक कुमार बनर्जी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और नरेन्द्र कुमार बर्मन गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ट्रेलर का चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।



मुआवजा राशि की मांग को लेकर चक्काजाम करते आक्रोशित ग्रामीण।



ट्रेलर के चक्के में फंसा बाइक।



धटनास्थल पर मृतक के साथ परिजन व ग्रामीण।

### 10 लाख रुपए मुआवजे की मांग

हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर चक्काजाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों के पहिए थम गए। सूचना मिलते ही सीपत, सरकण्डा पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीण मृतक के परिजन को 10 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। अधिकारियों की समझाइश के बाद भी ग्रामीण नहीं मान रहे थे और सड़क पर बैठे हुए थे। इधर जाम फंसे वाहन सवार तेज धूप में पसीना बहाते रहे। 4 घण्टे बाद दोपहर 1.30 बजे ट्रांसपोर्टर के द्वारा डेढ़ लाख रुपए व प्रशासन की ओर से 25 हजार रुपए सहायता राशि देने पर चक्काजाम समाप्त हुआ, उसके बाद जाम में फंसे लोगों ने राहत की सांस ली।

# गर्मी में लोको चलाने वाले चालकों को मिलने लगी ठंडक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी में अब इंजन चलाने वाले लोको पायलट और सहायक लोको पायलटों को ठंडक मिलनी शुरु हो गई है। रेल प्रशासन ने वर्षो पुरानी मांग के बाद करीब 7 हजार से अधिक इंजन में एयर कंडीशन कैब की सुविधा उपलब्ध कराई है, जिससे इंजन चालकों को थोड़ी राहत मिली है।

भीषण गर्मी में शहर के तापमान से अधिक ट्रेनों के इंजन का तापमान हो जाता है। एक ओर शहर का तापमान 42 से 45 डिग्री होता है, तो दोपहर की भीषण गर्मी और तेज धूप की वजह से लोहे से बना इंजन गरम होने के बाद अंदर के तापमान को बढ़ाकर 50 से अधिक हो जाता है। इस कई लोको पायलट और सहायक लोको पायलट की हालत भी खराब हो चुकी है। रेलवे ने इंजन चालकों को गर्मी से निपटने के लिए एक छोटा सा पंखा दिया था, जिसमें से निकलने वाले गरम हवा से पायलटों की हालत खराब हो रही थी। आल इंडिया लोको पायलट एसोसिएशन ने डिवीजन से लेकर जोन और रेलवे बोर्ड स्तर तक इंजन में एसी लगाए जाने मांग की। इस मांग में लोको पायलट अपने परिवार के साथ भी धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल भी किए। सालों बाद लोको पायलट एसोसिएशन की मांग पर रेल प्रशासन ने अब ध्यान दिया है। वर्ष 2014 से पूर्व एक भी रनिंग रूम वातानुकूलित नहीं था। इसमें अब सभी 558 रनिंग रूम को पूरी तरह से एयर कंडीशन्ड किया जा चुका है। इसके अलावा 7 हजार से अधिक लोकोमोटिव्स में एयर कंडीशन्ड



कैब उपलब्ध कराया गया है। अब एयर कंडीशन में ट्रेन चलाकर चालक और सहायक परिचालक को गर्मी से थोड़ा आराम मिल रहा है।

### दी गई है सुविधाएं

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार रनिंग रूम में एयर कंडीशन के अलावा योग ध्यान कक्ष, रीडिंग रूम, आरओ वाटर फिल्टर, सब्सिडाइज्ड भोजन और फुट मसाजर जैसी सुविधा, लोको कैबिन में एर्गोनोमिक सीटें, विजिलेंस कंट्रोल डिवाइस, फॉग सेफ डिवाइस और जीपीएस आधारिक उपकरण लगाए गए हैं। इसी तरह नए इंजन डिजाइन में शौचालय की व्यवस्था के अलावा पुराने इंजन में रेट्रोफिटिंग से सुविधा जोड़ी जा रही है।

### कार्य समय में विश्राम

इसी तरह कार्य अवधि में कमी कर साइन ऑन से साइन आफ समय 10 घंटे से घटाकर 9 घंटे किया गया है। 52 घंटे प्रति सप्ताह की सीमा सुनिश्चित की गई है। चालक दल मोबाइल ऐप से लोको पायलट अब अपनी ड्यूटी, लॉगबुक, तकनीकी निर्देश आदि आसानी से देख सकते हैं। इसके अलावा लोको पायलटों को 70 हजार से 1 लाख 30 हजार तक मासिक वेतन अनुभव के आधार पर और रनिंग अलाउंस, नाइट ड्यूटी भत्ता, मेडिकल , पेंशन, मुफ्त यात्रा जैसे लाभ दिए जा रहे हैं।

# महिला सरपंच की सक्रियता से पकड़े गए चोर, 5 लाख 60 हजार के जेवर जब्त

**बिलासपुर।** महिला सरपंच की सक्रियता से पुलिस ने उनके मकान में चोरी करने वाले दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनो ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी गए 5 लाख 60 हजार रुपए के जेवर व नकद रकम बरामद कर ली गई है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

सीपत पुलिस के अनुसार, 22 अप्रैल को हिंदाडीह निवासी सरपंच श्यामकली मरावी पति जगजीवन सिंह मरावी 38 साल गांव में शादी कार्यक्रम में शामिल होने चली गई थीं। घर में उनकी बेटी नियति मरावी अकेले थीं। शाम 7.30 बजे लाइट बंद होने पर उनकी बेटी दरवाजे में ताला लगाकर उन्हें बुलाने चली गई। लौटकर वे दरवाजा खोलकर

अंदर गईं तो गांव का रामेशवर यादव खिड़की से कूदकर भाग रहा था। उन्होंने शोर मचाया तो उनकी बेटी व अन्य महिलाएं घर पहुंचीं। आलमारी खोलकर देखा तो सोने चांदी के जेवर व नकद रकम की चोरी हो गई थी। उसके बाद उन्होंने अपने पति को चोरी होने की जानकारी दी। सीपत थाने जाकर उन्होंने चोरी की सूचना देकर गांव के रामेश्वर यादव के द्वारा चोरी करने की जानकारी दी। पुलिस ने हिंदाडीह निवासी रामेश्वर यादव पिता स्व. बालकराम यादव 19 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने गांव के रोहित दास मानिकपुरी पिता जीवन दास मानिकपुरी 27 साल के साथ मिलकर चोरी कर जेवर खाड़ा के खार में जमीन खोदकर छिपाना बताया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर उसके दोस्त रोहित दास मानिकपुरी को पकड़कर खार में जमीन खोदकर छिपाकर रखे चोरी के जेवर सोने का मंगलसूत्र, हार, लाकेट, झुमका, पायल, करधन, चूड़ा, गौफला माला, बिछिया व 14 हजार रुपए नकद रकम सहित 5 लाख 60 हजार का सामान जब्त कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

# तलाकशुदा महिला को होटल में ले जाकर किया अनाचार, 70 हजार रुपया भी लिया

**बिलासपुर।** नौकरी देने के बहाने एक युवक ने तलाकशुदा महिला को होटल ले जाकर अनाचार किया, फिर बहाना बनाकर 70 हजार रुपए भी वसूल लिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, तोरवा क्षेत्र में रहने वाली एक तलाकशुदा महिला अपने दो बच्चों के साथ मायके में रह रही है। महिला तोरवा चौक के पास विजय यादव के साथ डीएसी कंपनी में लोन देने का काम करती है। उसी आफिस में संदीप नाम के युवक ने लोन के लिए आफिस में आवेदन दिया था। वह महिला को झांसा देकर सरकण्डा रायल होटल लेकर गया और शादी करने की बात कहते हुए शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद वह हमेशा महिला को होटल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। महिला ने शादी करने का दबाव बनाया तो युवक बहन की शादी होने के बाद शादी करने की बात कहकर घुमाने लगा। इसी दौरान युवक ने 60 से 70 हजार रुपए भी आनलाइन के माध्यम से ले लिया। वर्तमान में युवक महिला से 6 लाख रुपए की मांग कर रहा है, नहीं देने पर बर्बाद करने व उनके बच्चे, माता पिता को मरवा देने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर छतदास महंत के खिलाफ बीएनएस की धारा 351, 3, 69 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** युवती के साथ घूम रहे एक युवक को युवकों ने मेरी गर्लफ्रेंड के साथ क्यों घूम रहे हो कहकर पीटा और चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रायपुर मोवा सैलेना पैराडाईज निवासी आर्यन दुबे पिता अभय कुमार दुबे विगत 9 माह से मंगला में किराए के मकान में रहकर आटो डीलिंग का काम कर रहे हैं। 23 अप्रैल को रात 2.30 बजे वे अपने दोस्त एक युवती के साथ मैग्नेटो मॉल के पास आए। उसी समय यश उर्फ नीतिन एवं उसके साथी वहां आए और आर्यन को मेरे गर्लफ्रेंड को क्यों घूमा रहे हो कहकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया, जिससे आर्यन के सिर, कंधा, पैर में चोट आई है। पुलिस ने आर्यन की रिपोर्ट पर यश उर्फ नीतिन एवं उसके साथियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**बिजनेस न्यूज**

# स्वदेशी शिल्प महोत्सव में सूती कपड़ों की भरमार




**कोरबा।** ओपन एयर थियेटर घंटा घर निहारिका कोरबा में इन दिनों स्वदेशी शिल्प महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसमें देश के सभी राज्यों से आए हुए शिल्पकारों एवं बुनकरों द्वारा तराशी गई वस्तुओं का एक अपार संग्रह काफी किफायती दामों में विशेष आकर्षक छूट के साथ दी जा रही है। यह कोरबा वासियों को काफी पसंद आ रही है तथा अपने तरफ आकर्षित कर रही है। चूंकि शिल्प महोत्सव में प्रदर्शित की गई सभी वस्तुएं अपने आप में अद्वितीय एवं किफायती दामों पर दी जा रही है, जो इस कड़ाके की गर्मी में भी आपको घर बैठे अपने ही शहर में उचित दामों पर मिल जा रही है। प्रदर्शनी मैं भीषण गर्मी को देखते हुए कॉटन एवं लीलन तथा अलग-अलग प्रकार की सूती कपड़ों की विशाल रेंज 10% से लेकर के 20% तक की विशेष छूट के साथ दी जा रही है। इसके साथ ही हैदराबादी कॉटन साड़ी, पिलखुआ के बेडशीट, जयपुरी कॉटन ड्रेस, मेरठ के खादी,पशमीना सिल्क, जींस एवं जूट बैग, जयपुरी मुखवास, सहारनपुर फर्नीचर, त्रिचूर के टी-शर्ट, जयपुर की चूड़ियां, इमिटेशन ज्वेलरी, भदोही के कारपेट, सीतापुर की दरी, सहित हजारों वस्तुओं को एक ही छत के नीचे प्रदर्शित की गई हैं। कॉटन ड्रेस व सूती गमछे की भारी डिमांड है। आपको बताते चलें कि स्वदेशी शिल्प महोत्सव में जहां देश के सभी राज्यों से आए हुए शिल्पकारों और बुनकरों द्वारा तरासी गईं वस्तुओं की भरमार एवं बेहद डिमांड देखी जा रही है, वहीं प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक काफी किफायती दामों पर नाना प्रकार के रंगों से सुसज्जित कुर्तियां सहित लखनऊ चिकन की ड्रेस ग्राहकों को अपने तरफ आकर्षित कर रही है । चूंकि अन्य वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष भीषण गर्मी को देखते हुए हर ग्राहकों की पसंद कॉटन सूती वस्त्र होने की वजह से कॉटन मटेरियल का काफी डिमांड बढ़ गया है।

### 3 लाख की लकड़ी सहित पकड़ा गया आरोपी

**बिलासपुर।** वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर तीन लाख रुपए की लकड़ी, अन्य सामान सहित आरोपी को पकड़ा है, जिसके खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। बिलासपुर वन मंडल अंतर्गत कोटा वन परिक्षेत्र के उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन को मुखबिर से सूचना मिली कि अमलीकांपा विकासखंड तखतपुर के एक घर में बड़ी मात्रा में लकड़ी रखी गई है। सूचना मिलने के बाद मुख्य वन संरक्षक मनोज पाण्डेय और वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार के आदेश पर तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। आदेश मिलने के बाद वन विभाग के परिक्षेत्र सहायक कोटा सुरेश बंजारे, खोंगसरा के परिक्षेत्र सहायक नरेन्द्र बैसवाड़े, टेंगनमाड़ा के सूरज मिश्रा, वनपाल कृष्ण कुमार यादव, वनरक्षक लक्ष्मीनारायण साहू, उदय प्रकाश श्रीवास्तव, देव यादव, शैलेन्द्र पोर्ते, रूपा यादव, संदीप पोर्ते, अनुराग तिवारी, सूरज भोई ने बिलासपुर उड़नदस्ता और पुलिस की संयुक्त टीम के साथ अमलीकांपा तखतपुर निवासी पिंकू खांडे गीता खांडे के घर दबिश दी। टीम को घर और बाड़ी से एक नग रमदा मशीन, सागौन, साल चिरान, शीशम चिरान सहित 3 लाख 24 हजार 370 रुपए का सामान मिला। टीम ने लकड़ी सहित सारे सामानों को जब्त कर लिया। वहीं आरोपी वन विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही मौके से फरार हो गया था, जिसकी खोजबीन शुरु कर दी गई है।

# कानन जू की सुविधा बढ़ाने सीजेडए बनाएगी योजना

**बिलासपुर।** कानन पेण्डारी जू में वन्यप्राणियों की सुरक्षा और संरक्षा के साथ अन्य सुविधाओं को बढ़ाने सीजेडए नई योजना बनाकर अपनी रिपोर्ट भेजेगी।

केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली की ओर से गठित मैनेजर इफेक्टिव ईवेल्यूवेशन आफ इंडिया जू के दो सदस्य आईएफएस महाराष्ट्र कैडर एम कोन्डाला और केरला के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी जैकब एलेक्जेंडर पहुंचे। दोनों पिछले तीन दिन से लगातार कानन पेण्डारी जू का दौरा कर रहे हैं, ताकि



जू का विस्तार वन्यप्राणियों का संरक्षण संवर्धन एवं विकास व उत्तम प्रबंधन वैज्ञानिक शोध बेहतर तरीके से किया जा सके। इससे उच्चस्तरीय जू का स्वरूप भी कानन पेण्डारी जू को प्रदान हो सकेगा। सीजेडए के दोनों सदस्यों ने शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों के केज में पहुंचकर जू की ओर से की गई व्यवस्था को चेक किया। प्रबंधन के अनुसार सदस्यों को जू में की जाने वाली वन्यप्राणियों की सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्रदान की गई। उनकी ओर से सारी व्यवस्थाओं की जांच करने के बाद रिपोर्ट देने कहा गया है, जिसके उपरांत जू को विकसित करने के लिए आगे कार्य किया जाएगा।

इस दौरान कानन पेण्डारी जू के डीएफओ यूआर गणेश, अधीक्षक राजेन्द्र सोरी, प्रभारी रेंजर सुखबाई, डॉक्टर पीके चंदन सहित अन्य स्टाफ भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पटवारी को कार्यालय में घुसकर पीटने वाला भाजपा नेता गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** दरिमा के सोहगा में 22 अप्रैल को दोपहर 2.55 बजे वहां पदस्थ पटवारी अपने कार्यालय में शासकीय कार्य कर रहा था। चौकीदार भज्जूदास भी पीड़ित पटवारी के साथ कार्यालय में कार्य कर रहा था उसी दौरान जितेन्द्र कुजूर उर्फ मोनू कार्यालय मे आया और पटवारी से आर आई सोहगा का मोबाइल नम्बर मांगा। पीड़ित पटवारी द्वारा आर आई सोहगा का नंबर देने के उपरांत जितेंद्र उर्फ़ मोनू द्वारा उन पर दबाव बनाया गया कि वे अपने मोबाईल से फोन लगाकर उसकी बात आर आई से कराये। जब पटवारी प्रकाश मंडल ने अपने फोन से बात कराने से मना किया और स्वयं के मोबाईल से बात कर लेने की बात कहा तो जितेंद्र कुजूर उर्फ़ मोनू आवेश में आ गया और प्रार्थी को गाली गलौज करने लगा। एवं प्रार्थी के साथ झूमाझपटी करते हुए जानलेवा हमला करते हुए हाथ मुक्को व कार्यालय में रखे कुर्सी से मारपीट किया। साथ ही जान से मारने की धमकी देने देते हुए अपने कार से चाकू लेकर आया और चाकू से मारने के लिये पटवारी प्रकाश मंडल एवं चौकीदार को दौड़ाया जिसे देखकर प्रार्थी एवं चौकीदार वहां से भाग गये। मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना दरिमा मे आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 85/26 धारा-221,132,296,351 (3),115(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया।

### जिपं सीईओ ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण का किया निरीक्षण

शंकरगढ़। विकासखंड शंकरगढ़ में जिला पंचायत सीईओ नयनतारा तोमर ने व्यापक दौरा कर विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनपद पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर कार्यों की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत खैरडीह में नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए सीईओ ने कार्य की प्रगति और उपयोगिता को करीब से देखा। उन्होंने पाया कि नाली निर्माण से गांव के किसानों को काफी लाभ मिल रहा है। इससे खेतों तक पानी पहुंचने में आसानी हो रही है, जिससे सिंचाई के साधन मजबूत हुए हैं और गांव में सब्जी सहित अन्य फसलों की पैदावार में वृद्धि देखी जा रही है। ग्रामीणों ने भी इस कार्य को उपयोगी बताते हुए संतोष जताया। इसके अलावा विभिन्न पंचायतों में चल रहे चेक डैम निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पर कुछ स्थानों पर गुणवत्ता में कमी पाई गई। जिस पर सीईओ ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए कि कार्य में सुधार लाया जाए और निर्धारित मानकों के अनुसार ही निर्माण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी निर्माण तय समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

### पुत्र ने की मां की हत्या, दो दिन तक घर में बेहोश हालत में पड़ी रही महिला

बिश्रामपुर। जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पुत्र ने मामूली विवाद में अपनी ही मां की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी दो दिनों तक मां को बेहोशी की हालत में घर में ही पड़ा रहने दिया। पुलिस के अनुसार, प्रार्थिया सुखमनिया (33 वर्ष), निवासी नामनगर अंबिकापुर, 21 अप्रैल को अपने मायके ग्राम लटोरी बैगापारा आई थी। रात में वह अपनी मां सोमारी बाई के साथ घर के बाहर सो रही थी। इसी दौरान उसका भाई सुखलाल घर पहुंचा और दरवाजे के सामने सोने को लेकर विवाद करने लगा। गुस्से में आकर उसने लकड़ी के हटका से मां के सिर और चेहरे पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई। घटना के बाद आरोपी ने बहन को धमकी दी कि किसी को घटना के बारे में न बताए, अन्यथा उसे भी जान से मार देगा। डर के कारण प्रार्थिया ने किसी को सूचना नहीं दी। अगले दिन भी महिला घर में बेहोश पड़ी रही। 23 अप्रैल की सुबह जब उसे जगाने की कोशिश की गई तो वह मृत पाई गई। मामले की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर हत्या का अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हत्यात्मक पाया गया है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बांगो बांध में बीते...

बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में बेहतर बारिश हुई थी। जिसके चलते बांगो बांध लबालब हो गया था। अब इस साल भी बांगो बांध में पर्याप्त पानी है। मौजूदा स्थिति में बांगो बांध में 352.35 मीटर पानी भरा हुआ है, जो कुल जल भराव का 60 फीसदी पानी है। जल संसाधन विभाग के अफसर के मुताबिक बीते वर्ष 2025 में अप्रैल के महीने में बांगो बांध का वाटर लेवल 354.14 मीटर था, जो कुल जल भराव का लगभग 75 फीसदी पानी था, लेकिन मई के महीने में किसानों को भरपूर पानी दिया गया था और हाइडल प्लांट को लगातार संचालित किया गया था। जिसके चलते वाटर लेवल बहुत नीचे चला गया था। इस साल अप्रैल के महीने में वाटर लेवल लगभग 60 फ़ीसदी है और मौजूदा स्थिति में हाइडल प्लांट को मात्र 31 घंटे ही संचालित किया जा रहा है। जिससे 3875 क्यूसेक हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि हाइडल प्लांट की रफ्तार दो-तीन दिनों में कम कर दी जाएगी।

## लायंस क्लब की डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस 9 व 10 मई को

# शहर में होगी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस 150 क्लबों की होगी भागीदारी

अजय धनोंदिया ⏭ कटघोरा

छत्तीसगढ़ के औद्योगिक नगरी कोरबा में 9 एवं 10 मई को एक भव्य और बहुप्रतीक्षित डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस उत्साह का आयोजन जश्न रिसॉर्ट में किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की अगुवाई लायन्स क्लब बालको के द्वारा की जा रही है, जिन्होंने इसे ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

इस दो दिवसीय सम्मेलन में इंटरनेशनल, मल्टीपल व डिस्ट्रिक्ट से बड़े बड़े अतिथियों के साथ ही छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 150 क्लबों के पदाधिकारी, सदस्य एवं प्रतिनिधि शामिल होंगे। इतनी बड़ी संख्या में सहभागिता के चलते कोरबा शहर में इन दो दिनों के दौरान मेले जैसा उत्साह पूर्ण वातावरण देखने को मिलेगा। शहर के होटल, रिसॉर्ट और प्रमुख स्थल अतिथियों की मेजबानी के लिए सज-धज कर तैयार हो रहे हैं। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल ने सभी क्लबों को व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण भेजते हुए अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस केवल एक औपचारिक बैठक नहीं, बल्कि संगठन की मजबूती, नेतृत्व विकास और सामाजिक सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है।


ला.विजय अग्रवाल

कॉन्फ्रेंस के दौरान विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें संगठन की गतिविधियों, भविष्य की योजनाओं, सेवा कार्यों और नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही, अनुभवी वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन सत्र भी आयोजित होंगे, जिससे सदस्यों को नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक संध्याएं, मनोरंजक प्रस्तुतियां और गवर्नर विजय अग्रवाल के द्वारा सभी क्लबो के द्वारा साल भर किये गए सेवा कार्यो के लिए सम्मान समारोह भी आकर्षण का केंद्र रहेंगा। इन आयोजनों के माध्यम से प्रतिभागियों को आपसी संवाद और मेल-मिलाप का अवसर मिलेगा, जिससे संगठनात्मक एकता और भी मजबूत होगी।

**चुनाव में रहेगा जबरदस्त माहौल**

इस कॉन्फ्रेंस की एक विशेष और महत्वपूर्ण कड़ी में सत्र 2026-27 के लिए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सहित प्रथम व द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर व इंटरनेशनल डायरेक्टर (इंडोरसी) का चुनाव भी होना है। इस चुनाव में सभी क्लबों के अधिकृत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होने वाला यह चुनाव संगठन के भविष्य के नेतृत्व को तय करेगा, जिसे लेकर सदस्यों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# भाजपा की इंदौर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए हितानंद


कार्यशाला में छत्तीसगढ़ से भाजपा पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंदौर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत पश्चिम मध्य जोन मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गोवा, दमन-दीव एवं मुंबई की वक्ता टोली प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ से 45 नेताओं ने भाग लिया, जिसमें कोरबा जिले से नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल शामिल हुए।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों के माध्यम से शामिल हुए कार्यकर्ताओं को वरिष्ठ नेताओं द्वारा प्रशिक्षित किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रताप, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, राष्ट्रीय प्रशिक्षण प्रमुख ओमप्रकाश धनकर सहित अनेक वक्ताओं का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भाजपा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री त्रय नवीन मार्कण्डेय, यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना दीपेश साहू, सतीश लाटिया, जी वेंकटेश्वर, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख अवधेश जैन, राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय, प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय, प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी, टिकेश्वर जैन, डॉ.किरण बघेल, शताब्दी पांडेय, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अशोक साहू, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, प्रदेश आईटी सेल संयोजक सुनील पिल्लई, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक मितुल कोठारी, राकेश चंद्राकर, कोरबा जिला सह प्रभारी बृजेन्द्र शुक्ला सहित भाजपा प्रदेश वक्ता टोली के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जीएसटी बार एसोसिएशन ने किया सीएमए माला सिंह को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


सम्मानित होती माया सिंह।

छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल की उपाध्यक्ष एवं टैक्स बार एसोसिएशन कोरबा की सचिव सीएमए माला सिंह को विगत दिनों सम्मानित किया गया। सीएमए माला सिंह को यह सम्मान उनके कार्य क्षेत्र में बेहतर उपलब्धि के लिए मिला है। जीएसटी बार एसोसिएशन बिलासपुर के अध्यक्ष सुरेश शुक्ला एवं सचिव रामेश्वर तंबोली के द्वारा सीएमए माला सिंह को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जीएसटी बार एसोसिएशन बिलासपुर ने कहा कि सीएमए माला सिंह शुरू से ही अपने कार्य को लेकर न केवल बेहद संजीदा हैं, बल्कि उन्होंने अपने दायित्व का पूरे जिम्मेदारी और गंभीरता से निर्वहन कर यह साबित कर दिया है कि नारी शक्ति हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करने में सक्षम हैं सम्मान कार्यक्रम के दौरान कार्य क्षेत्र से जुड़े अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# नल कनेक्शन में पम्प न लगाएं व्यर्थ पानी न बहाएं : संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने समस्त नागरिक बंधुओं से अपील करते हुये कहा है कि पानी की एक-एक बूंद कीमती है, अतः इसे व्यर्थ न बहायें, अपने घरों के नल कनेक्शन में टुल्लू पम्प लगाकर पानी न खींचे, छत के ऊपर रखी पानी टंकियों में अनिवार्य रूप से स्टापर लगवायें, घर की टंकियों, बर्तनों में पानी भर जाने के बाद नलों को बंद कर दें ताकि पानी व्यर्थ में न बहे। अपने नल कनेक्शन में टुल्लू पम्प लगाने वालों पर निगम लगातार कार्यवाही कर रहा है, अतः टुल्लू पम्प न लगायें तथा कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचें।

उल्लेखनीय है कि आमजन द्वारा लगातार यह शिकायत की जा रही है कि कतिपय लोगों द्वारा अपने घर के नल कनेक्शन में टुल्लू पम्प लगाकर पानी खींचा जा रहा है, जिससे पड़ोस के घरों एवं अंतिम छोर के घरों तक पर्याप्त पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है तथा अंतिम छोर के लोगों के घरों में पानी का प्रेशर अत्यंत कम हो जाता है तथा उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। इन शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि कृपया पानी को व्यर्थ न बहायें, नल से पानी भरने के बाद नल की टोटियों को बंद कर दें, अपने घर के नल कनेक्शन में टुल्लू पम्प लगाकर पानी न खींचे, इससे आपके पड़ोसियों के घर तक तथा अंतिम छोर के घरों में पानी का प्रेशर कम हो जाता है, जिससे उन्हें पर्याप्त पेयजल नहीं मिल पाता। उन्होने कहा है कि नगर निगम बढ़ती गर्मी को देखते हुये पेयजल की दोनों समय नियमित आपूर्ति कर रहा है, ताकि आप समस्त नागरिकबंधुओं को इस बढ़ती गर्मी में पानी की कमी न हों। महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा है कि जैसा कि आपको विदित है कि जल की एक-एक बूंद कीमती है, अतः पुनः आग्रह करती हूं कि कृपया पानी को व्यर्थ न बहायें, पानी की बचत करें, घरों में पानी टंकियाँ व बर्तन भर जाने के बाद नलों को बंद कर दें, ताकि पानी व्यर्थ न बहे। उन्होने पुनः आग्रह करते हुए कहा है कि नल कनेक्शन में टुल्लू पम्प कदापि न लगायें तथा निगम की नियमित जलापूर्ति व्यवस्था व हर घर तक पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति बनाये रखने में अपना सहयोग दें।


संजू देवी राजपूत

# कुसमुण्डा खदान से प्रभावित भूविस्थापितों की बैठक में विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


खदान प्रभावितों के साथ विधायक प्रेमचंद पटेल।

एसईसीएल कुसमुंडा से प्रभावित व विस्थापित पाली पड़निया में गुरुवार को सात ग्राम पंचायतों की अहम बैठक रखी गई थी। बैठक में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल मुख्य रूप से उपस्थित थे। पाली पड़निया, सोनपुरी, खैरभवना, रिसदी, पोड़ी एवं चन्द्रनगर के भू-विस्थापित परिवारों के साथ बैठक में चर्चा की गई। इस बैठक में सभी प्रभावित परिवारों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और उन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रमुख रूप से रोजगार (नौकरी), बसावट, उचित मुआवजा राशि तथा भू-विस्थापितों पर हो रही कार्रवाई सहित विभिन्न मुद्दों को उठाया गया। सभी विषयों पर उपस्थित ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी बात रखी। मैंने सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों से शीघ्र वार्ता कर इन समस्याओं के जल्द से जल्द निराकरण हेतु आश्वस्त किया। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक प्रभावित परिवार को उनका वाजिब हक व न्याय मिले और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि, जनपद सदस्य, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक एवं सभी भू-विस्थापित परिवार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# एसजेआर कंपनी में कार्यरत वाहन चालकों ने कलेक्टर व गेवरा जीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


ज्ञापन सौंपने के दौरान पनी के वाहन चालकों का प्रतिनिधि मंडल।

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में काम करने वाले ड्राइवरों ने वेतन में देरी, गेट पास न बनने सहित कई समस्याओं को लेकर कलेक्टर एवं गेवरा महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा है। एसजेआर कंपनी के ठेके पर कार्यरत ड्राइवरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रशासन और कंपनी प्रबंधन को आंदोलन की चेतावनी दी है।

कलेक्टर कोरबा और एसईसीएल गेवरा के मुख्य महाप्रबंधक को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि हर महीने की 10 तारीख तक नियमित वेतन भुगतान, सभी प्रभावित ड्राइवरों को तत्काल गेट पास जारी करना, एचपीसी दरों के अनुसार उचित भुगतान, वर्तमान दरों में बढ़ोतरी बिना कारण बैठाए गए 26 ड्राइवरों को पुनः काम पर बहाल करना या पीएनसी कंपनी में समायोजन सभी ड्राइवरों को पेमेंट शीट उपलब्ध कराना शामिल है। ड्राइवरों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 7 मई तक उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे उसी दिन से एसईसीएल पीएनसी कंपनी का पूरा काम बंद कर देंगे। साथ ही एसईसीएल गेवरा मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय का शांतिपूर्ण घेराव भी किया जाएगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ क्रांति सेना गैर-राजनीतिक संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री उमागोपाल भी मौजूद रहे और ड्राइवरों का समर्थन किया।

# सोमनाथ ज्योतिर्लिंग को साक्षात दर्शन करने के लिए आज रखा जाएगा घंटाघर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घंटाघर ओपन थियेटर में 24 अप्रैल की शाम 6 बजे से ज्योतिर्लिंग का साक्षात दर्शन किया जा सकेगा। सदियों पहले, भारत की पश्चिमी तट पर, जहाँ सागर की लहरें धरती को स्पर्श करती थी, वह एक ऐसा मंदिर खड़ा था जिसे देखकर ऋषि-मुनि कहते ये इंट-पत्थरों से नहीं आस्था से बना है' यह था सोमनाथ मंदिर और इसके गृह में विराजते भगवान शिव के प्रथम ज्योतिलिंग, यह ज्योतिर्लिंग साधारण नहीं था। संत लिखते हैं कि यह हवा में मंडराता था यानि किसी अदृश्य शक्ति ने थामा हुआ हो।

कहा जाता है कि 1020 ईस्वी के आसपास आक्रमणकारी ने इस मंदिर की महिमा, इसके वैभव और उस रहस्यमयी चुंबकीय मंडराते शिवलिंग के बारे में सुना। लोभ और ईर्ष्या में अंधा होकर उसने 1020 से 1024 तक कई बार सोमनाथ पर आक्रमण किया। हर बार वह निष्फल हुआ। हर बार शिवलिंग अडिग रहा लेकिन 1026 ईस्वी में 18 प्रयासों के बाद, वह मंदिर को तोड़ने में सफल हो गया। सदियों से जगमगाता शिवलिंग खंड-खंड कर दिया गया। शिवलिंग पर बार-बार हुए हमले के कारण उसके टुकड़े बिखर गए। सोमनाथ पर एक भारी निःशब्दता छा गई। लेकिन दिव्य शक्ति को कोई नष्ट नहीं कर सकता। उसी अराजकता में कुछ पुजारियों का एक छोटा समूह टूटे हुए शिवलिंग के सभी टुकड़े समेट ले गया। जैसे कोई माँ अपने घायल बच्चे को बाहों में उसे लेकर जाती है वैसे ही भाग निकले। वे हजारों किलोमीटर दक्षिण की ओर बढ़ चले। जंगली और अनजानी राहों से गुजरते हुए दक्षिण भारत पहुँचे। उन्होंने उन टुकड़ों से नया शिवलिंग रखा और पुनःस्थापित किया और उसे गुप्त रूप से पुजनीय रखा। दुनिया भूल गई पर वे नहीं भूले। लगभग एक हजार वर्षों तक पीढ़ी दर पीढ़ी उन्होंने इसे छिपाकर रखा। प्रेम, तपस्या और समर्पण से इसकी रक्षा करते रहे। 1924 में कांचीपुरम के शंकराचार्य ने उन्हे एक दिव्य आदेश दिया। इस शिवलिंग की 100 वर्ष तक रक्षा करो। समय आने पर भारत स्वतंत्र होगा और राम मंदिर बनेगा तब इसे श्री श्री रविशंकर के हाथों सौंप देना। पुजारियों ने इस वचन को प्रण की तरह निभाया। 100 साल बाद 2025 में वह घड़ी आई। अंतिम संरक्षक सीताराम शास्त्री बेंगलुरू पहुंचे और भावनाओं से भरकर वह पवित्र शिवलिंग गुरूदेव श्री श्री रविशंकर को समर्पित किया। वह पल ऐसा था मानो इतिहास ने फिर से सांस ली हो। इस दिव्य शिवलिंग का वैज्ञानिकों ने भी परीक्षण किए और ये देखकर चकित रह गये कि शिवलिंग में अत्यधिक चुंबकीय शक्ति है। जिस तत्व से शिवलिंग बना है वो इस धरती पर कहीं नहीं पाया जाता। इसमे ऐसी ऊर्जा है जिसे ना तो विज्ञान समझ पाया ना वैज्ञानिक।

# हिंदू समाज की आस्था से किसी प्रकार का समझता नहीं : विहिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा हाल ही में लेन्सकार्ट से जुड़े विवादित मामलों को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कोरबा ने कड़ा रुख अपनाया है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि बहुसंख्यक हिंदू समाज की आस्था, परंपराओं एवं रीति-रिवाजों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

पियूष बंसल के बयानों और जमीनी वास्तविकता में अंतर सामने आने से समाज में आक्रोश है। संगठन ने कंपनी प्रबंधन को चेतावनी दी है कि समय रहते इस विषय को गंभीरता से समझें और सभी धार्मिक प्रतीकों का सम्मान सुनिश्चित करें। इस दौरान वहां कार्यरत कर्मचारियों से संवाद किया गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि यदि किसी भी प्रकार का दबाव बनाया जाता है, तो वे संगठन से संपर्क कर सकते हैं। कार्यकर्ताओं द्वारा स्टोर में उपस्थित कर्मचारियों को तिलक लगाया गया एवं कलावा पहनाया गया, साथ ही हिंदू परंपराओं के सम्मान का संदेश दिया गया। संगठन ने स्पष्ट किया कि हर परिस्थिति में वह कर्मचारियों के साथ खड़ा रहेगा। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि हिंदू आस्था के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव जारी रहता है, तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अजगरबहार जिला-कोरबा (छ.ग.)

**//उदघोषणा //**

रा०प्र०क०...........ब-121/2026
ग्राम- अरसेना, प०ह०न.-09

एतद द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम अरसेना वालों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक नीलम कुमार कुजूर पिता राजनाथ कुजूर जाति उरांव निवासी अरसेना, प.ह.न. 09, तहसील अजगरबहार जिला कोरबा (छ०ग०) के द्वारा अपने दादा लिदरू कुजूर का मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीयन अधिनियम 1969 की धारा 17 के अधीन आवेदन पत्र, ग्राम पंचायत अरसेना से अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, ग्राम में ईश्तहार वास्ते तलवाना, शपथ पत्र, पेश किया है। जिसमें आवेदक के दादा लिदरू कुजूर का मृत्यु दिनांक 27.01.2008 अंकित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी आम व खास व्यक्ति को कोई दावापत्ति हो तो वे स्वयं या किसी मान्य अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 07/05/2026 तक पेश कर सकते हैं, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/04/2026 को मेरे न्यायालय की सील मुहर एवं पद सील से हस्ताक्षर कर जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**अजगरबहार**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दीपका
जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण घनश्याम सिंह, प्राणनाथ, रामदेव, अनसुईया पिता बिसाहू सिंह जाति कंवर निवासी बाता तहसील दीपका के द्वारा ग्राम बाता प.ह.न. 57 तहसील दीपका में आवेदकगण के नाम पर शामिलात खाते की भूमि ख.नं. 314, 352 रकबा क्रमशः 0.032, 0.093 हे. दर्ज है। उक्त भूमि के राजस्व रिकार्ड में आवेदक क्र. 1 के पिता का नाम त्रुटिवश रामसिंह दर्ज है एवं उक्त भूमि का तीनों भाईयों के मध्य नामांतरण क्र. 11 आदेश दिनांक 30.01.2015 को आपसी बंटवारा हो चुका है। परंतु वर्तमान कम्प्युटर रिकार्ड में उनका नाम दर्ज नहीं हुआ है। आवेदकगण द्वारा उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख में आवेदक क्र. 1 के पिता का गलत नाम रामसिंह को सुधार कर सही नाम बिसाहू सिंह एवं आपसी बटवारें से प्राप्त भूमि को वर्तमान कम्प्युटर रिकार्ड में दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 29/04/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 10/04/ 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# छत्तीसगढ़ी भाषा को जनगणना में शामिल करने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ी भाषा को जनगणना में शामिल करने और संविधान की 8वीं अनुसूची में स्थान दिलाने की मांग को लेकर कोरबा में व्यापक विरोध दर्ज किया गया। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के संयुक्त बैनर तले सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर कलेक्टर को भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठनों की मुख्य मांग है कि आगामी 2026-27 की जनगणना में छत्तीसगढ़ी भाषा को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उनका कहना है कि यह केवल एक भाषा नहीं बल्कि प्रदेश की अस्मिता और पहचान से जुड़ा विषय है।

अलग खबर

ज्ञापन के दौरान पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि स्व-जनगणना पोर्टल में अन्य भाषाओं को स्थान दिया गया है, जबकि छत्तीसगढ़ की प्रमुख भाषा छत्तीसगढ़ी को नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने इसे प्रदेशवासियों की भावनाओं के साथ अन्याय बताया। संगठनों ने स्पष्ट किया कि यदि जनगणना 2026-27 में छत्तीसगढ़ी भाषा को शामिल नहीं किया गया, तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा। यहां तक कि जनगणना के बहिष्कार की भी चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि यह अब केवल मांग नहीं, बल्कि हमर भासा-हमर पहिचान की लड़ाई बन चुकी है। कार्यक्रम में सुरजीत सोनी और जैनेन्द्र कुर्रे सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर छत्तीसगढ़ी भाषा के सम्मान और अधिकार के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही। ज्ञापन की प्रतिलिपि संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को भी भेजी गई है। अब देखना होगा कि सरकार इस मांग पर क्या निर्णय लेती है क्योंकि आने वाले समय में यह मुद्दा और भी व्यापक रूप ले सकता है।

**केन्द्र सरकार के नाम कलेक्टर को सौंपा गया मांग पत्र**



## खबर संक्षेप

### रद्द ट्रेनों को फिर किया गया रिस्टोर, मिलेगी यात्रियों को राहत

**कोरबा।** रेलवे द्वारा मार्च से अप्रैल के बीच अलग-अलग दिनों में काम कराए जाने के लिए ब्लाक लिए जाने के कारण कोरबा से चलने वाले सभी मेमू व पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। जबकि छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस पहले से ही 5 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच निरस्त चल रही है। भीषण गर्मी में ट्रेनों के रद्द होने के कारण यात्री परेशान हो रहे हैं। फिलहाल बीच बीच में रेल प्रबंधन द्वारा रद्द ट्रेनों को रिस्टोर कर राहत देने की कोशिश की जा रही है, लेकिन तब तक लोग अपनी यात्रा की प्लानिंग बदल चुके होते हैं। अब पुनः यहां से चलने वाली ट्रेनों को रिस्टोर किया गया है। रिस्टोर की गई गाड़ियों के संबंध में रेल प्रशासन का कहना है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत जांजगीर नैला स्टेशन पर चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए किए जा रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पूर्व में निरस्त एवं आंशिक रूप से निरस्त की गई ट्रेनों को रिस्टोर किया जा रहा है। जिसमें गाड़ी संख्या 68746 रायपुर-गेवरारोड मेमू को 22 से 26 अप्रैल तक के लिए, गाड़ी संख्या 68745 गेवरारोड-रायपुर मेमू 23 से 27 अप्रैल तक, गाड़ी संख्या 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर को 22 से 26 अप्रैल तक गाड़ी संख्या 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर को 23 से 27 अप्रैल तक, गाड़ी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू को 23 से 27 अप्रैल तक, गाड़ी संख्या 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू को 23 से 27 अप्रैल तक, गाड़ी संख्या 68732 बिलासपुर-कोरबा मेमू को 23 से 27 अप्रैल तक एवं गाड़ी संख्या 68731 कोरबा-बिलासपुर मेमू को 23 से 27 अप्रैल तक रिस्टोर किया गया है। ये सभी गाड़ियां उपरोक्त तिथि में अपने निर्धारित समयानुसार चलेंगी।

### रीजनल बैडमिंटन स्पर्धा में कांस्य जीतकर रुद्राक्ष नेशनल के लिए चयनित



**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 एनटीपीसी कोरबा के होनहार छात्र रुद्राक्ष पांडेय ने केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग अंतर्गत आयोजित 55वीं संभाग स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है। अंडर-14 आयु वर्ग की बैडमिंटन स्पर्धा में रुद्राक्ष पांडेय ने तृतीय विजेता का खिताब हासिल करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही छात्र का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए भी कर लिया गया है, जो संभवतः सितंबर माह में केरल में आयोजित होगी। यह दो दिवसीय संभागस्तरीय स्पर्धा 21 व 22 अप्रैल को महासमुंद में आयोजित हुई थी, जिसमें केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 एनटीपीसी कोरबा के प्राचार्य एसके साहू के प्रोत्साहन एवं खेल शिक्षक अस्मित कुमार के मार्गदर्शन में उसने यह सफलता पाई। कक्षा 7वीं के छात्र रुद्राक्ष, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एनटीपीसी जमनीपाली की प्रभारी शाखा प्रबंधक श्रीमती नेहा पांडेय के सुपुत्र हैं। इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए माता-पिता ने उसे उज्वल भविष्य एवं आगामी प्रतिस्पर्धा में सफलता प्राप्त करने आशीर्वाद दिया है। साथ ही केवि-2 एनटीपीसी की ही होनहार छात्रा अन्वेषा निर्मलकर ने भी बालिका वर्ग में रजत पदक जीतकर नेशनल में जगह बनाई है।

### बिना टिकट यात्रा करना पड़ा महंगा, रेलवे ने चेकिंग अभियान चलाकर वसूला जुर्माना

**कोरबा।** बुधवार को कोरबा से चांपा, नैला-जांजगीर, अकलतरा, बिलासपुर व रायपुर की यात्रा करना उन यात्रियों के लिए भारी पड़ गई जिन्होंने सफर शुरू करने के पहले टिकट ही नहीं लिया था। बिलासपुर मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा ऐसे यात्रियों को पकड़ने के लिए चांपा रेलवे स्टेशन में किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में ट्रेनों तथा स्टेशनों पर टिकट जांच को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना के तहत चलाया जा रहा है। बुधवार का अभियान इसी का हिस्सा रहा। जिसमें कोरबा के साथ ही चांपा स्टेशन में अन्य दिशाओं से आने वाली ट्रेनों के बिना टिकट यात्रियों से 1 लाख 76 हजार 355 रुपए बतौर जुर्माना वसूला गया। कोरबा से रायपुर की यात्रा कर रहे हसदेव एक्सप्रेस के यात्रियों ने बताया कि किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान के कारण बगैर टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों को नहीं बख्शा गया। कई यात्री ऐसे थे जो कोई न कोई बहाना बनाकर बचने की कोशिश कर रहे थे लेकिन टीटीई टीम ने उनकी एक नहीं सुनी। अभियान के तहत बुधवार को चांपा रेलवे स्टेशन में बिना टिकट यात्रा करने वालों के 218 मामले सामने आए। जिनके 1 लाख 44 हजार 230 रुपए वसूल किया गया।

### अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में सुधार कार्य करने के दिए निर्देश

# शासकीय आईटीआई रामपुर के निरीक्षण में मिली खामियां, नाराज हुए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शासकीय आईटीआई रामपुर का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक व्यवस्था और व्यावहारिक प्रशिक्षण की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया। कलेक्टर ने कई महत्वपूर्ण कमियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर सुधार सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरुआत लाइब्रेरी से हुई, जहां पुस्तकों की अत्यंत अव्यवस्थित स्थिति, पुरानी सामग्री की अनावश्यक ढेर और स्टॉक के अभावपूर्ण संधारण पर कलेक्टर ने गंभीर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिया कि लाइब्रेरी को तत्काल सुव्यवस्थित किया जाए तथा अनुपयोगी सामग्री को शासन के नियमों के अनुसार स्क्रैप में निस्तारित किया जाए। इसी क्रम में कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रजिस्टर तथा अन्य प्रशासनिक अभिलेखों के संधारण में भी अनियमितता पाई गई। प्राचार्य द्वारा उपस्थिति संबंधी विस्तृत जानकारी उपलब्ध न कराने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताई और अभिलेखों को सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखने के निर्देश दिए। इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के निरीक्षण में यह पाया गया कि स्वीकृत 20 प्रशिक्षुओं के विरुद्ध केवल 3 प्रशिक्षु प्रशिक्षण कक्षाओं में उपस्थित थे। इसके साथ ही लैब की महत्वपूर्ण मशीनरी-जैसे अल्टरनेटर, स्टार्टर एवं अन्य उपकरण बीते दो वर्षों से खराब पड़ी थी। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी दोषपूर्ण उपकरणों की मरम्मत आगामी पाँच दिवस के भीतर पूर्ण कर कक्षाओं के नियमित संचालन को सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने लोक निर्माण विभाग कोरबा द्वारा संचालित कार्यों को तय समय सीमा में पूरा कराने पर भी जोर दिया।



निरीक्षण के दौरान आईटीआई प्रशिक्षुओं से चर्चा करते कलेक्टर दुदावत व अन्य।

**ऑटो सीएडी लैब स्थापित करने दिए निर्देश**

स्टेनो हिंदी एवं इंग्लिश ट्रेड के निरीक्षण में विद्यार्थियों से संवाद के दौरान यह तथ्य सामने आया कि उपलब्ध कंप्यूटरों की संख्या प्रशिक्षुओं की तुलना में कम है, जिससे प्रैक्टिकल प्रशिक्षण प्रभावित हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने लैब की आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त कंप्यूटर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व में पास आउट विद्यार्थियों की ट्रैकिंग प्रणाली को भी मजबूत बनाने तथा वर्तमान प्रशिक्षुओं को जिले के विभिन्न पीएसयूस में प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु ठोस कदम उठाने को कहा। स्टॉक रजिस्टर के संधारण को भी असंतोषजनक पाया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि आगामी 15 दिनों के भीतर सभी स्टॉक अभिलेखों को अद्यतन और व्यवस्थित रूप से संधारित किया जाए। मैकेनिकल ड्राफ्ट्समैन ट्रेड में भी निरीक्षण के दौरान छात्रों ने ऑटो सीएडी/सीएएम लैब की आवश्यकता बताई, जिसे कलेक्टर ने उचित मानते हुए जल्द स्थापित करने के निर्देश दिए।

## नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु गठित पैनल की बैठक



लोक अदालत को सफल बनाने पर चर्चा करते पैनल के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए गठित पैनल द्वारा स्वास्थ्य, श्रम, महिला एवं बाल विकास, उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग तथा जिला अंत्यवसायी समिति के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा 9 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली तथा समस्त राजस्व न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी।

लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संतोष शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में गठित न्यायाधीशों की पैनल द्वारा आयोजित बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग तथा जिला अंत्यवसायी सहकारी समिति के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत कोरबा, कटघोरा, पाली एवं करतला के न्यायालयों सहित राजस्व न्यायालयों में खंडपीठों का गठन किया जाएगा, जो वर्चुअल एवं भौतिक दोनों माध्यमों से कार्य करेंगी। प्रकरणों का निस्तारण नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते (राजीनामा) के आधार पर किया जाएगा। गठित पैनल द्वारा सभी विभागीय प्रतिनिधियों से अपील की गई है कि वे पक्षकारों/लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभकारी योजनाओं की जानकारी दें।

# नकटीखार में पुलिस का छापा, 2 ग्रामीण के कब्जे से 41 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अवैध रूप से शराब बनाने, बेचने वालों के खिलाफ लगातार पुलिस कार्रवाई कर रही है। मुखबिर की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस ने ग्राम नकटीखार में दबिश दी थी। इस दौरान उन्हें अवैध महुआ शराब बनाकर अवैध कारोबार करने वाले दो ग्रामीणों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जहां दोनों ग्रामीणों के कब्जे से की 41 लीटर महुआ शराब एवं 450 किलो महुआ पास जप्त किया गया है। जिसको मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है।

**खास बात**

- सिविल लाइन पुलिस ने मारा था छापा, 450 किलो से अधिक महुआ पास व सामान को किया गया नष्ट

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले में अवैध कारोबार करने एवं महुआ शराब बनाकर बेचने वालों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सिविल लाइन थाना प्रभारी डीएसपी आस्था शर्मा व उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर नकटीखार निवासी निखिल कंवर व अजय मंझवार के घर में दबिश दी। जहां दोनों के कब्जे से पुलिस ने 41 लीटर महुआ शराब जप्त किया है। जबकि मौके से लगभग 450 किलो महुआ पास भी जप्त किया गया है। पुलिस ने महुआ पास को मौके पर नष्ट कर दिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 342 आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीकृत कर दोनों को जेल भेज दिया गया है। बताया जाता है कि ग्रामीणों द्वारा गांव के ही अंतिम छोर में अवैध शराब बनाने का गोरखधंधा संचालित किया जा रहा था। पुलिस की इस कार्रवाई से कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने मौके पर अवैध शराब बनाने वाली सामग्रियों को भी पूरी तरह से नष्ट कर दिया है।



मौके पर जब्ती की कार्रवाई करती पुलिस टीम।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# घर में सो रहे परिवार को बाहर से बंद कर निर्माणाधीन मकान से उठा ले गए आलमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत ऐतमानगर में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक मकान में ताला तोड़कर आलमारी को ही उठा ले गए और जंगल में आलामारी का ताला तोड़कर 30 हजार रुपए नगद, सोने-चांदी के जेवरात और कीमती सामानों की चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बातें**

- बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम ऐतमानगर का मामला
- नगदी रकम जेवरात सहित अन्य सामान ले उड़े चोर

बांगो थाना क्षेत्र के निवासी अनीता राजपूत पति लक्ष्मण राजपूत उम्र 46 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बुधवार की रात लगभग 10 बजे पूरा परिवार खाना खाकर निर्माणाधीन मकान में सो गए थे। इस दौरान घर का कूलर खराब हो जाने पर परिवार के सभी सदस्य निर्माणाधीन मकान में ताला लगाकर बगल में ही स्थित पुराने मकान में सोने चले गए थे। इस दौरान चोरों ने देर रात को अनीता राजपूत जिस पुराने मकान में सोई थी उसको बाहर से बंद कर दिया गया। इसके बाद चोरों ने निर्माणाधीन मकान का ताला तोड़कर आलमारी को भी उठाकर जंगल ले गए। और जंगल में आलमारी का ताला तोड़कर आवास निर्माण के लिए रखे 30 हजार रुपये नकद, पीतल के बर्तन, सोने-चांदी के गहने और बैंक पासबुक चोरी कर ली है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# चलित थाने से बढ़ा विश्वास, मिला त्वरित निराकरण



चलित थाना में शिकयतों की सुनवाई करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत दादर में चलित थाना का आयोजन किया गया। यह अभिनव पहल आम नागरिकों को त्वरित, सुलभ एवं प्रभावी पुलिस सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई, जिसके अंतर्गत पुलिस टीम सीधे आमजन के बीच पहुँची।आयोजन स्थल पर अस्थायी पुलिस सहायता केंद्र स्थापित कर नागरिकों की शिकायतें दर्ज की गईं एवं उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

कार्यक्रम के दौरान कुल 3 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर पुलिस द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर ही जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की गई। साथ ही संबंधित पक्षों को समझाइश देकर कई मामलों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण किया गया। चलित थाना के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचाव के उपाय, महिलाओं के विरुद्ध अपराध एवं सुरक्षा उपाय, यातायात नियमों का पालन, अवैध शराब, गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों के विरुद्ध सूचना देने की अपील की है।

## मानदेय शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** मानदेय शिक्षक संघ ने कलेक्टर जनदर्शन में मांग पत्र सौंपते हुए कहा है कि मानदेय शिक्षक जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में विगत 3 वर्षों से कार्यरत हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सत्र के बीच में जहां कुछ मानदेय शिक्षक, शिक्षण कार्य कर रहे हैं वहां नियमित शिक्षक, प्रमोशन/ट्रांसफर के माध्यम से आ गए हैं। इस समस्या के समाधान के लिए तत्कालीन कलेक्टर अजीत वसंत से मुलाकात किए और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया था तब उन्होंने नियमित शिक्षकों के पदभार ग्रहण करने के बाद भी उन्हें पूरे सत्र तक कार्य करने के लिए अवसर प्रदान किया गया था। वर्तमान कलेक्टर से मानदेय शिक्षक संघ ने आग्रह किया है कि जिन मानदेय शिक्षकों के यहां नियमित शिक्षक आ गए हैं, उन्हें नए शिक्षण सत्र में रिक्त विद्यालयों में अन्यथा दर्ज संख्या के अनुपात में उक्त विद्यालय में ही शिक्षण कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाए। जो मानदेय शिक्षक इस सत्र में शिक्षण कार्य कर रहे हैं उन्हें आगामी नए शिक्षण सत्र में जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से इन शिक्षकों की सूची तैयार करके विद्यालयों में पदभार दिया जाए ताकि मानदेय शिक्षकों के साथ भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। इसके बाद बचे हुए रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए जाएं जिससे नए अभ्यर्थियों को शिक्षण कार्य करने के लिए अवसर मिल सके।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411